बुधवार
20 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर




वर्ष 2, अंक 100 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

# नालंदा विश्वविद्यालय के भव्य दीक्षांत समारोह में वैश्विक शिक्षा और जिम्मेदार ज्ञान का संदेश गूंजा, 14 देशों के विद्यार्थियों को मिली उपाधि







संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय एक बार फिर वैश्विक शिक्षा और बौद्धिक विमर्श का केंद्र बनकर उभरा, जब विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह भव्यता और गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय परिसर स्थित नव-निर्मित 2000 सीटों वाले 'विश्वामित्रालय' सभागार में आयोजित इस समारोह में भारत सहित कई देशों के शिक्षाविद्, नीति निर्माता और विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम ने न केवल नालंदा विश्वविद्यालय की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय पहचान को प्रदर्शित किया, बल्कि "जिम्मेदार ज्ञान" और वैश्विक सहभागिता की नई अवधारणा को भी मजबूती से सामने रखा।

समारोह में भारत के प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गरिमामय बना दिया। वहीं विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट) रुद्रेंद्र टंडन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विदेश मंत्रालय के नालंदा प्रभाग की संयुक्त सचिव अर्चना नायर, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षाविद् और अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

दीक्षांत समारोह में 14 देशों के कुल 219 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इनमें भारत के अलावा वियतनाम, बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार सहित कई देशों के छात्र-छात्राएं शामिल थे। समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 08 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए, जिनमें 07 छात्राएं शामिल रहीं। यह उपलब्धि महिला शिक्षा और अकादमिक क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी का भी प्रतीक बनी।

समारोह के बाद मुख्य अतिथि डॉ. पी.के. मिश्रा ने विश्वविद्यालय परिसर में 'कौटिल्य सेंटर फॉर कैपेसिटी बिल्डिंग' का उद्घाटन किया। इस केंद्र को प्रशासनिक, बौद्धिक और नेतृत्व क्षमता विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

अपने संबोधन में डॉ. मिश्रा ने कहा कि नालंदा केवल एक विश्वविद्यालय नहीं, बल्कि भारत की सभ्यतागत विरासत और ज्ञान परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया तकनीकी रूप से अत्यधिक विकसित हो चुकी है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती यह है कि ज्ञान को विवेक, नैतिकता, करुणा और मानवीय उत्तरदायित्व से जोड़े रखा जाए। उन्होंने कहा, "नालंदा की कहानी सिर्फ अतीत की नहीं, बल्कि भविष्य की भी कहानी है।"

डॉ. मिश्रा ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरुद्धार भारत की उस मूल भावना को दर्शाता है, जिसमें बहुलतावाद, संवाद, उदारता और जिज्ञासा को मानवता के भविष्य के लिए आवश्यक माना गया है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे केवल डिग्री हासिल करने तक सीमित न रहें, बल्कि समाज और मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी समझें।

बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने अपने संबोधन में नालंदा को "सभ्यतागत पारिस्थितिकी तंत्र" बताया। उन्होंने कहा कि प्राचीन नालंदा ने भारत को एशिया के विभिन्न देशों से ज्ञान, विचार और आध्यात्मिक विमर्श के माध्यम से जोड़ा था। उन्होंने कहा कि नालंदा का पुनरुत्थान किसी भवन का पुनर्निर्माण नहीं, बल्कि एक महान सभ्यतागत विचार की पुनर्प्राप्ति है।

राज्यपाल ने "नालंदा कॉरिडोर" की अवधारणा का जिक्र करते हुए कहा कि नालंदा, बोधगया, राजगीर, वैशाली और विक्रमशिला को जोड़ने वाला यह सांस्कृतिक क्षेत्र ज्ञान, नैतिकता और आध्यात्मिक विरासत का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि नया नालंदा विश्वविद्यालय मानवता की विवेक-खोज का केंद्र बनना चाहिए।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और



भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अब अधिक सुदृढ़ीकरण और तीव्र प्रगति के दौर में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी शैक्षणिक सत्र से साइंस एंड टेक्नोलॉजी पॉलिसी स्टडीज, डाटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। साथ ही अगस्त 2026 से "नालंदा स्पिरिट" नामक विशेष पाठ्यक्रम भी आरंभ होगा।

प्रो. चतुर्वेदी ने कहा कि नालंदा केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि एक जीवंत भावना है, जो वैश्विक संवाद, पर्यावरणीय चिंतन, एशियाई ज्ञान परंपरा और तुलनात्मक सभ्यता अध्ययन को नई दिशा दे रही है।

समारोह का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि नालंदा विश्वविद्यालय 21वीं सदी में ज्ञान, संवाद, सतत विकास और जिम्मेदार बौद्धिक नेतृत्व का वैश्विक केंद्र बनकर उभरेगा।

# मलमास मेले में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, डीएम ने देर रात किया निरीक्षण

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजकीय मलमास मेला-2026 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। रविवार देर रात जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने राजगीर स्थित संपूर्ण मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

17 मई से 15 जून 2026 तक आयोजित होने वाले राजकीय मलमास मेला में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। विशेषकर ब्रह्मकुंड में शाही स्नान के दौरान भारी भीड़ उमड़ती है। इसे देखते हुए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। जिलाधिकारी ने ब्रह्मकुंड परिसर, जिग-जैग बैरिकेडिंग, नियंत्रण कक्ष, पार्किंग, चिकित्सा शिविर, पेयजल, शौचालय, अग्निशमन और सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था का निरीक्षण किया।

उन्होंने सभी दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। प्रशासन की ओर से 950 दंडाधिकारी, 530 पुलिस पदाधिकारी, 100 होमगार्ड, 38 टीओपी और 16 वॉच टावर की प्रतिनियुक्ति की गई है। पूरे मेला क्षेत्र में 550 सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी।

आपदा प्रबंधन को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। भगदड़, आगजनी या जल दुर्घटना जैसी घटनाओं से निपटने के लिए एसडीआरएफ टीम, आपदा मित्र, अग्निशमन दल और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमों को तैनात किया गया है। ब्रह्मकुंड और आसपास



रेड कॉरिडोर बनाया गया है ताकि आपात स्थिति में एम्बुलेंस और राहत दल आसानी से पहुंच सके।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 14 आवासन स्थल, 300 प्याऊ, 1000 से अधिक शौचालय, 25 दीदी की रसोई, 8 अस्थायी अस्पताल, 18 स्वास्थ्य शिविर और 16 एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। वहीं बुजुर्गों के लिए व्हील चेयर और मिस्ट कूलर जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि ब्रह्मकुंड में स्नान के दौरान कतारबद्ध तरीके से आगे बढ़ें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें, ताकि सभी श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुगमता से स्नान कर

# चार करोड़ के सरोवर निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप, जांच की उठी मांग



राजेश कुमार गौतम

नालंदा (अपना नालंदा)। सिलाव प्रखंड के सुरजपुर गांव स्थित पुष्करणी सरोवर की उड़ाही एवं सौंदर्यीकरण कार्य में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार ने विभागीय अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि लघु जल संसाधन प्रमंडल बिहारशरीफ द्वारा लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से कराए जा रहे कार्य में नियमों की अनदेखी कर सरकारी राशि की बंदरबांट की तैयारी की जा रही है। कार्यस्थल पर अब तक सूचना पट्ट नहीं लगाए जाने से ग्रामीणों को योजना की जानकारी नहीं मिल पा रही है।

विनय कुमार ने बताया कि प्राक्कलन के अनुसार सरोवर की खुदाई 2.07 मीटर तक र्ण होनी है, लेकिन वर्तमान में केवल तीन से चार फीट तक ही खुदाई की गई है। आरोप है कि बरसात शुरू होने के बाद अधूरे कार्य को पूदिखाकर भुगतान कराने की तैयारी चल रही है।

उन्होंने बिना सीमांकन खुदाई कराने, मिट्टी की अवैध ढुलाई एवं बिक्री करने तथा अतिक्रमणकारियों को लाभ पहुंचाने का भी आरोप लगाया। वहीं पुलिया निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग किए जाने की शिकायत करते हुए कहा गया कि कम गुणवत्ता वाले सीमेंट और तीन नंबर ईंट से निर्माण कराया जा रहा है।

शिकायतकर्ता ने निष्पक्ष जांच कर भुगतान पर रोक लगाने और दोषी एजेंसी को काली सूची में डालने की मांग की है। मामले की प्रतिलिपि प्रधान सचिव एवं मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग पटना को भी भेजी गई है।

# वेतन चिंता के बीच स्कूल में शिक्षक की मौत, शिक्षा विभाग पर सवाल



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। हरनौत प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय जीवनपुर में कार्यरत नियोजित शिक्षक विनोद कुमार की मंगलवार को विद्यालय में अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद शिक्षक समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है।

परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रौशन कुमार ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि विभागीय लापरवाही और दो माह से वेतन भुगतान नहीं होने के कारण शिक्षक मानसिक तनाव में थे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय विनोद कुमार के परिवार में दो पुत्र और एक पुत्री हैं, जिसकी शादी जल्द होने वाली थी। वेतन नहीं मिलने से वे लगातार चिंता में रह रहे थे।

जानकारी के अनुसार विनोद कुमार रोज की तरह समय पर विद्यालय पहुंचे थे। चेतना सत्र समाप्त होने के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़े। विद्यालय की प्रधान शिक्षिका प्रियंका कुमारी उन्हें तुरंत इलाज के लिए रेफरल अस्पताल चंडी लेकर पहुंचीं तथा परिजनों को सूचना दी गई। अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार हार्ट अटैक से उनकी मौत हुई है।

घटना की सूचना मिलने पर शिक्षक संघ के पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। संघ ने मृतक शिक्षक के आश्रितों को विभागीय लाभ और आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। रौशन कुमार ने कहा कि विनोद कुमार कर्तव्यनिष्ठ और सरल स्वभाव के शिक्षक थे, उनकी मौत शिक्षक समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।









# मुरौरा सहयोग शिविर में ऑन द स्पॉट समाधान, ग्रामीणों में दिखा भारी उत्साह



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मंगलवार को कुंदन कुमार की अध्यक्षता में बिहारशरीफ प्रखंड के मुरौरा पंचायत सरकार भवन में "सहयोग शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना था।

शिविर में जिलाधिकारी ने कई लाभुकों को ऑन द स्पॉट योजनाओं का लाभ प्रदान किया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत गुड्डी कुमारी, ममता देवी समेत कई महिलाओं को शौचालय निर्माण की राशि एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वहीं इंदिरा आवास योजना के लाभुकों को आवास सहायता राशि दी गई। जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और जॉब कार्ड भी लाभुकों के बीच वितरित किए गए।

शिविर में विभिन्न विभागों से कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पीएचईडी, कृषि, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा, अंचल कार्यालय और श्रम विभाग से संबंधित आवेदन शामिल थे। प्रशासन द्वारा सभी आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर लाभुकों को जानकारी दी गई।

ग्रामीणों ने नाली निर्माण और जल निकासी की समस्या भी उठाई, जिस पर जिलाधिकारी ने उपनगर आयुक्त को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अतिक्रमण हटाने में सहयोग की अपील भी की।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और पंचायत स्तर पर ही समस्याओं का समाधान हो।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने हरनौत के एपीएचसी गोखुलपुर मठ का किया निरिक्षण



हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव सह नालंदा जिला के प्रभारी सचिव कुमार रवि ने मंगलवार को हरनौत प्रखंड के चौरिया पंचायत में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केद्र(एपीएचसी)


गोखुलपुर मठ का औचक निरिक्षण किया। उन्होनें ओपीडी,दवा भंडार, रजिस्ट्रेशन काउंटर,वार्ड ,भंडारण रजिस्टर , स्टाफ की उपस्थिति आदि का निरीक्षण व जांच किया। निरीक्षण के दौरान नालंदा डीडीसी शुभम कुमार,सिविल सर्जन डॉ जय प्रकाश सिंह ,बीडीओ डॉ पंकज कुमार,हरनौत पीएचसी के प्रभारी डॉ राजीव कुमार रंजन सिन्हा समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।वहीं हरनौत पीएचसी के प्रभारी डॉ सिन्हा ने बताया कि एपीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।उन्होनें ने बताया कि यह अस्पताल छ: बेड का है। जिसमें विभिन्न प्रकार के दवाएं उपलब्ध है। इसका संचालन सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक होता है।लेकिन ग्रामीणों की मांग है कि चौबिंस घंटा कि सुविधा मिलें।क्योंकि रात के समय कल्याण बिगहा रेफरल अस्पताल में जाने में समस्याएं आती है।उन्होनें बताया कि निरिक्षण में दवा के ,भंडारण रजिस्टर अपडेट नहीं पाया गया जिसको लेकर निर्देश दिया गया। बोले- लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।वहीं आईएएस श्री रवि सहित अन्य वरिय अफसर के आगमन की भनक सुनते हीं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी सहित अन्य विभाग में खलबली मची रहीं।मौके पर स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम श्याम कुमार निर्मल, डीएसपी( मुख्यालय) तारकेश्र्वर प्रसाद सिंह ,थानाध्यक्ष संतोष कुमार सुमन,

डॉ अमरेद्र कुमार ,जीएनएम प्रियंका, एएनएम में सरिता,विभा व रीना, डीईओ राकेश समेत अन्य मौजूद थे।









# चंडी के सहयोग शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, 105 आवेदनों का त्वरित निष्पादन




चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को चंडी प्रखंड के अरौत एवं सिरनावां पंचायतों में "सहयोग शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने की। दोनों पंचायतों में कुल 105 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर लाभुकों को राहत पहुंचाई गई।

अरौत पंचायत सरकार भवन में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 52 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें पीएचईडी विभाग का 01, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान का 13, प्रखंड पंचायत राज कार्यालय का 03, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का 13, मनरेगा जॉब कार्ड का 02, राशन कार्ड का 03, पारिवारिक लाभ योजना का 03, वृद्धा एवं विधवा पेंशन का 08, कृषि विभाग का 03 तथा सहकारिता विभाग का 03 आवेदन शामिल थे।

वहीं सिरनावां पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में कुल 53 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर के दौरान सचिव कुमार रवि ने स्वयं मौजूद रहकर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। इस दौरान लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के 04, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 02 तथा आपूर्ति विभाग के 02 लाभार्थियों के बीच राशन कार्ड एवं अन्य प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

सचिव कुमार रवि ने कहा कि सरकार का उद्देश्य पंचायत स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करना है, ताकि ग्रामीणों को कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

# पावापुरी में बड़ी कार्रवाई, गुमटी और गड्ढे से 529 लीटर विदेशी शराब बरामद



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पावापुरी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस ने ग्राम चोरसुआ में छापेमारी कर गुमटी, डीप फ्रीजर और जमीन में गाड़कर रखी गई कुल 529.500 लीटर विदेशी शराब जब्त की। हालांकि मुख्य आरोपी राजीव कुमार उर्फ बदमशवा अपने अन्य साथियों के साथ मौके से फरार होने में सफल रहा।

पुलिस को सूचना मिली थी कि चोरसुआ गांव में अंग्रेजी शराब का बड़ा खेप छिपाकर रखा गया है और उसकी बिक्री की तैयारी चल रही है। सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजगीर के निर्देश पर पावापुरी थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। मंगलवार सुबह करीब 7:20 बजे चिन्हित स्थानों पर छापेमारी की गई।तलाशी के दौरान पुलिस ने विभिन्न ब्रांड की बीयर और व्हिस्की बरामद की। इसमें Haywards 5000, Budweiser Magnum, Magic Moments, Royal Stag, Signature, Blenders Pride और Antiquity Blue जैसे ब्रांड शामिल हैं। पुलिस ने एक डीप फ्रीजर और टीन का बक्सा भी जब्त किया है।पुलिस के अनुसार फरार आरोपी राजीव कुमार उर्फ बदमशवा का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में शराबबंदी कानून और अन्य धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने फरार अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी शुरू कर दी है।इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, विमल कुमार तिवारी, बसंत कुमार ओझा और अभिषेक कुमार शामिल






# दहपर सरगांव पहुंचे मंत्री श्रवण कुमार, पीड़ित परिवार को दी आर्थिक सहायता



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने मंगलवार को नूरसराय प्रखंड के दहपर सरगांव गांव पहुंचकर आपदा पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने पारिवारिक लाभ योजना के तहत लालती देवी को 20 हजार रुपये का चेक सौंपते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार हर संकट में गरीब और पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।

जानकारी के अनुसार लालती देवी के पति शिव मोची की पानी में डूबने से मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद मंत्री श्रवण कुमार स्वयं पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ परिवार के साथ है।

मंत्री ने कहा कि फिलहाल तत्काल राहत के रूप में 20 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है, जबकि आपदा राहत योजना के तहत चार लाख रुपये अतिरिक्त उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने परिवार को किसी भी बिचौलिये के बहकावे में नहीं आने की सलाह दी और कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुंचाया जा रहा है।

श्रवण कुमार ने कहा कि सरकार गरीबों, मजदूरों और आपदा पीड़ित परिवारों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि परिवार के कमाने वाले सदस्य की असामयिक मृत्यु से उत्पन्न आर्थिक संकट में सरकारी सहायता बड़ी राहत साबित होती है।

मौके पर बीडीओ जियाउल हक, सीओ दीपक कुमार, पूर्व मुखिया बृजनंदन सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।


# फुटपाथी दुकानदारों के समर्थन में उतरे पार्षद, प्रशासनिक कार्रवाई पर जताया विरोध



राजगीर (अपना नालंदा)। राजगीर नगर परिषद के वार्ड संख्या 24 के पार्षद अजय कुमार ने मलमास मेला क्षेत्र में फुटपाथी और ठेला दुकानदारों पर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई का विरोध किया है। उन्होंने अनुमंडलाधिकारी को आवेदन देकर गरीब दुकानदारों के हित में आवाज उठाई और कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है।

पार्षद अजय कुमार ने आवेदन में कहा है कि मलमास मेला के दौरान सड़क किनारे दुकान लगाने वाले गरीब दुकानदारों के साथ मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं। साथ ही जेसीबी मशीन से दुकानों को हटाया और तोड़ा जा रहा है, जिससे गरीब परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि इन दुकानदारों की जीविका का मुख्य आधार यही मेला है और इसी कमाई से वे अपने परिवार कापालन-पोषण, बच्चों की पढ़ाई, इलाज तथा बेटियों की शादी जैसे जरूरी कार्य करते हैं।उन्होंने बताया कि राजगीर का राजकीय मलमास मेला तीन वर्ष में एक बार आयोजित होता है और स्थानीय दुकानदार पूरे साल इस मेले का इंतजार करते हैं। ऐसे में प्रशासन की सख्त कार्रवाई से गरीब और बेरोजगार लोगों के सामने आर्थिक संकट गहराने लगा है।

पार्षद ने अनुमंडलाधिकारी से मांग की है कि कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए फुटपाथी एवं ठेला दुकानदारों को सड़क किनारे दुकान लगाने की अनुमति दी जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपना रोजगार चला सकें और उनके परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न न हो।






# 20 मई से दो दिनों तक बिजली विभाग की ऑनलाइन सेवाएं रहेंगी बंद

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर, सुरक्षित एवं आधुनिक डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नए बिलिंग सॉफ्टवेयर में माइग्रेशन कार्य किया जा रहा है। इस तकनीकी प्रक्रिया के कारण 20 मई 2026 की शाम 7 बजे से 22 मई 2026 की सुबह 8 बजे तक बिजली विभाग की सभी ऑनलाइन सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी।

कंपनी की ओर से जारी सूचना के अनुसार इस अवधि में बिजली बिल भुगतान, स्मार्ट प्रीपेड रिचार्ज, नया विद्युत कनेक्शन, लोड परिवर्तन, नाम परिवर्तन, बिल सुधार सहित अन्य ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। ऐसे में उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय से पहले आवश्यक बिल भुगतानएवं स्मार्ट प्रीपेड रिचार्ज कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बिजली कंपनी ने बताया कि माइग्रेशन कार्य पूरा होने के बाद उपभोक्ताओं को पहले से अधिक सुरक्षित, तेज और आधुनिक डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कंपनी ने कहा कि यह बदलाव उपभोक्ताओं की सुविधा और बेहतर सेवा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।

साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने ऑनलाइन सेवाएं बंद रहने से होने वाली अस्थायी असुविधा के लिए खेद जताया है तथा उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि तकनीकी कार्य पूरा होते ही सभी सेवाएं सामान्य रूप से शुरू कर दी जाएंगी।

# पेट्रोल-डीजल और गैस पर डीएम सख्त, कालाबाजारी करने वालों पर होगी कार्रवाई

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मंगलवार को कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला में रसोई गैस की उपलब्धता एवं पेट्रोल पंपों की स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसर एवं जिला के वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है तथा सभी पेट्रोल पंप पूरी क्षमता से कार्य कर रहे हैं। मांग के अनुसार लगातार आपूर्ति जारी है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पेट्रोल-डीजल का अतिरिक्त स्टॉक रखा जाए ताकि किसी प्रकार की अफवाह या संकट की स्थिति उत्पन्न न हो।एलपीजी की उपलब्धता पर जानकारी देते हुएबताया गया कि जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8337 घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। राजगीर में चल रहे वैश्विक मलमास मेला-2026 को देखते हुए होटल, धर्मशाला और सामुदायिक रसोई में वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की बढ़ती मांग को लेकर भी पर्याप्त स्टॉक रखने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव में तेजी से PNG पाइपलाइन बिछाई जा रही है तथा अब तक 1963 उपभोक्ताओं को PNG कनेक्शन दिया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां PNG कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा।

साथ ही जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यवसायिक उपयोग की सूचना देने के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर-06112-233168) सक्रिय किया गया है।

# भीषण गर्मी से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)।स्थानीय नपं सहित प्रखण्ड में मौसम का मिजाज पूरे उफान पर है। बढ़ती तपिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। घर से निकलने वाले लोग चेहरा समेत पूरा शरीर को ढक कर चल रहे है। सुबह दस बजते ही इसका असर दिखने लगता है। रोज कमाने खाने वाले कामगारों को अधिक परेशानी हो रही है। चिलचिलाती धूप के कारण लोग दिन का काम जैसे तैसे निपटा कर सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक अपने अपने घरों में दुबके रहते हैं। दोपहर के समय कुछ सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। इसका असर व्यापार जगत पर भी पड़ रहा है। एक ओर प्रचंड गर्मी और दूसरी ओर कुछ क्षेत्रों में अनियमित विद्युत आपूर्ति से उपभोक्ता परेशान हैं। दूसरी ओर मच्छर का प्रकोप भी बढ़ गया है। बीते पांच दिनों से लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण जल स्रोतों का स्तर भी नीचे जा रहा है। चापाकल की हैडल पहले की उपेक्षा टाईट होता जा रहा है।कुएं में रस्सी की लंबाई बढानी पड़ रही है।वहीं तरबूज, खीरा, कंकड़ी की बिक्री बढ़ रही है। प्रखंड में तापमान की स्थिति 19 मई को 28 से 37 डिग्री सेल्सियस रहा है। इधर पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन सिन्हा ने लोगों को सावधानी बरतने को कहा है। कहा है कि जरूरी काम में ही घर से बाहर निकलें, बाहर निकलने के समय कम से कम एक लीटर पानी पीकर बाहर जाएं। नीबू पानी, खीरा तरबूज का अधिक सेवन करें।

# छत पर पानी गिरने के विवाद में मारपीट, तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मिरजान बिगहा गांव में सोमवार की देर संध्या मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक महिला समेत तीन लोग जख्मी हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए इस्लामपुर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सनोज कुमार को बेहतर इलाज के लिए विम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया।

घायलों की पहचान रामविलास प्रसाद के 24 वर्षीय पुत्र लालू कुमार, उनकी 22 वर्षीय पत्नी रश्मि देवी तथा दीनानाथ प्रसाद के 32 वर्षीय पुत्र सनोज कुमार के रूप में की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अत्यधिक गर्मी केकारण लालू कुमार अपने घर की छत को ठंडा करने के लिए पानी का छिड़काव कर रहे थे। इसी दौरान पानी गली में गिरने लगा। बताया जाता है कि उसी समय पड़ोसी रंजीत प्रसाद वहां से गुजर रहे थे और पानी की छींटें उनके शरीर पर पड़ गईं। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।आरोप है कि कुछ देर बाद रंजीत प्रसाद अपने साथ आधा दर्जन लोगों को लेकर लाठी-डंडे के साथ लालू कुमार के घर पहुंच गए और मारपीट करने लगे। घटना में लालू कुमार और उनकी पत्नी घायल हो गए। बीच-बचाव करने पहुंचे सनोज Kumar को भी पीटकर जख्मी कर दिया गया।घटना के बाद लालू कुमार ने इस्लामपुर थाना में पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# प्रधान सचिव ने चौरिया सहयोग शिविर का किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत प्रखंड की चौरिया पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को आयोजित "सहयोग शिविर" का निरीक्षण बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव सह नालंदा जिले के प्रभारी सचिव कुमार रवि ने किया।

इस दौरान उन्होंने करीब एक घंटे तक शिविर में मौजूद रहकर आम लोगों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। शिविर में नालंदा डीडीसी शुभम कुमार समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

प्रधान सचिव कुमार रवि ने कहा कि सरकार विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की निगरानी को और मजबूत बना रही है।

उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी आवेदन का निष्पादन 30 दिनों के भीतर नहीं किया गया तो 31वें दिन संबंधित पदाधिकारी स्वतः निलंबित माने जाएंगे तथा उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

मुखिया प्रतिनिधि महेश सिंह ने बताया कि शिविर में राजस्व, आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा समेत विभिन्न विभागों के लगभग 20 काउंटर लगाए गए थे। चौरिया, गोखुलपुर, बोधनगर सहित आसपास के गांवों से करीब ढाई सौ आवेदन प्राप्त हुए। वहीं पूर्व में प्राप्त कई आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन भी किया गया।शिविर में बीडीओ डॉ. पंकज कुमार, सीओ पूजा कुमारी, पंचायत सचिव अशोक रजक, कांग्रेस राउत, अरुण पासवान, संजय कुमार सिंह, सुवे जयादार सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# बंद घर का ताला काटकर जेवरात समेत एक लाख कि चोरी

हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)।स्थानीय बाजार के एक मोहल्ले में एक बार फिर से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है।

मामला सोमवार की मध्य रात्रि की बताई जा रही ही जहां चोरों ने बंद पड़े घरों को निशाना बनाते हुए जेवरात समेत नगद और कीमती सामान लेकर फरार हो गया।मोहल्ले में इतनी बड़ी घटना हो गई उसके बावजूद भी पड़ोसी लोगों को भनक तक भी नहीं लगी। मकान मालिक अखिलेश्वर कुमार ने बताया कि पिछले 15 दिनों से घर में ताला लगाकर शेखपुरा गए हुए थे। मंगलवार की सुबह लगभग 6 बजे पड़ोसी के द्वारा फोन के माध्यम से सूचना मिली कि घर के में गेट का दरवाजा खुला हुआ है। फिर वहां पहुंचें। देखा कि गेट का ताला टूटा कटा हुआ है। जब अंदर प्रवेश किया तो सभी कमरा का भी ताला कटा हुआ था और रूम में रखें अटैची,बक्सा से सारा



सामान बिखरा पड़ा हुआ था। मकान मालिक ने बताया कि अटैची में रखें आठ आना भर के एक जोड़ा सोने का कान वाली, बेशर, चांदी का पायल, 27 हजार रुपए नगद समेत अन्य महंगे सामान गायब था। जिसकी कुल कीमत लगभग एक लाख रुपए बताई है।उधर थानाध्यक्ष इसपेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ आवेदन मिला है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम पहुंची थी।आसपास में लगे सीसीटीवी को भी खंगाला जा रहा है।दो से तीन लोग ज्ञात में आ सकता है।

# तीस दिन में समस्या समाधान नहीं तो अधिकारी निलंबित, मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान



जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। सम्राट चौधरी ने मंगलवार को सारण जिले के सोनपुर प्रखंड स्थित डुमरी बुजुर्ग पंचायत में "सबका सम्मान-जीवन आसान" अभियान के तहत आयोजित "सहयोग शिविर" का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों का 30 दिनों के भीतर निष्पादन हर हाल में करना होगा। यदि 30वें दिन तक आदेश जारी नहीं होता है तो 31वें दिन संबंधित अधिकारी स्वतः निलंबित माने जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आम लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से यह पहल शुरू कर रही है। अब प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को बिहार के सभी पंचायतों में सहयोग शिविर लगाए जाएंगे, जहां विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों और आवेदनों का त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 मई को ही "सहयोग पोर्टल" और हेल्पलाइन नंबर 1100 जारी किया गया था, जिसके माध्यम से लोग सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आवेदन मिलने के 10वें दिन संबंधित अधिकारी को पहला नोटिस, 20वें दिन दूसरा और 25वें दिन तीसरा नोटिस मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से जारी किया जाएगा। बावजूद इसके यदि समय सीमा के भीतर निष्पादन नहीं होता है तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि "अटकाने और भटकाने वाले अधिकारियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।"

उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम बनेगा। चाहे ग्रामीण इलाकों की समस्या हो या शहरी क्षेत्र की, हर शिकायत का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनता के हितों को ध्यान में रखकर योजनाएं बना रही है और उनका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाना है।

सोनपुर क्षेत्र के विकास का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कई बड़ी घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कहा कि पटना के जे०पी० गंगा पथ की तर्ज पर सोनपुर में "गंगा-अंबिका पथ" का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही सोनपुर क्षेत्र को नोएडा की तर्ज पर विकसित करने की दिशा में सरकार काम करेगी। उन्होंने बताया कि यहां एयरपोर्ट और बाबा हरिहरनाथ के नाम पर नया टाउनशिप भी विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि टाउनशिप निर्माण के दौरान किसी की जमीन अधिग्रहित होती है और संबंधित परिवार आर्थिक परेशानी में है या बेटी की शादी जैसी जरूरत है, तो उन्हें चार गुना मुआवजा राशि दी जाएगी। इसके लिए जिलाधिकारी को आवेदन देना होगा।

उन्होंने बिहार में आधारभूत संरचना के तेजी से हो रहे विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में गांव-गांव तक सड़क, बिजली और पेयजल पहुंचाया गया है। अब रोजगार और उद्योग के क्षेत्र में भी तेजी से काम किया जा रहा है ताकि युवाओं को राज्य में ही रोजगार मिल सके।

महिलाओं की आर्थिक भागीदारी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अब लाखों करोड़ का कारोबार कर रही हैं। सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रही है।


शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जिन 211 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज नहीं हैं, वहां इस वर्ष जुलाई से पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी। साथ ही प्रत्येक प्रखंड में मॉडल स्कूल के रूप में सरस्वती विद्या निकेतन स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

स्वास्थ्य व्यवस्था पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य रोगियों को जिला या अनुमंडल अस्पताल से अनावश्यक रेफर करने की पुरानी व्यवस्था 15 अगस्त तक समाप्त करनी होगी। यदि सामान्य मरीजों को रेफर किया गया तो संबंधित सिविल सर्जन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लाभुकों के बीच बासगीत पर्चा, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, वृद्धजन पेंशन योजना का लाभ और स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रोत्साहन राशि के सांकेतिक चेक भी वितरित किए।

इस अवसर पर वैभव श्रीवास्तव, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक विनय कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में आम लोग उपस्थित रहे।

# साहित्य, बौद्ध दर्शन और सामाजिक चेतना के मजबूत स्तंभ बने श्रीनाथ सिंह बौद्ध



पटना (अपना नालंदा)। श्रीनाथ सिंह बौद्ध ने साहित्य, सामाजिक जागरूकता और बौद्ध दर्शन के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। वे वर्षों से सामाजिक समरसता, बौद्ध विचारधारा और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। साहित्य और समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें बिहार ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान दिलाया है।

15 अगस्त 1958 को रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र स्थित पोखराहा गांव में जन्मे श्रीनाथ सिंह बौद्ध का बचपन ग्रामीण और सांस्कृतिक वातावरण में बीता। उनके दादा रामवरण सिंह द्वारा स्थापित विद्यालय से उनकी प्रारंभिक शिक्षा शुरू हुई। पिता सीताराम सिंह आधुनिक कृषि पद्धतियों और नवाचारों के लिए जाने जाते थे। वर्ष 1965 में परिवार के साथ इलाहाबाद जाने के बाद उनके व्यक्तित्व और वैचारिक सोच का विस्तार हुआ।

उन्होंने वर्ष 1972 में हाई स्कूल तथा 1974 में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसी दौरान देश में चल रहे जेपी आंदोलन का उन पर गहरा प्रभाव पड़ा। जयप्रकाश नारायण के भाषणों और छात्र आंदोलनों में भागीदारी ने उनके भीतर सामाजिक परिवर्तन की चेतना को और मजबूत किया।

श्रीनाथ सिंह बौद्ध का साहित्यिक सफर भी कम उम्र में शुरू हो गया था। प्राकृतिक परिवेश, ग्रामीण जीवन और सामाजिक घटनाओं ने उनकी लेखनी को गहराई दी। उनकी कविताएं और कहानियां प्रयागराज के विभिन्न समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहीं। साहित्य के साथ-साथ वे सामाजिक आंदोलनों और संगठनों में भी सक्रिय बने रहे।

राजनीतिक जीवन में उन्होंने कांग्रेस, जनता दल और समता पार्टी से जुड़कर कार्य किया। वर्ष 2005 में वे नोखा विधानसभा क्षेत्र से समता पार्टी के प्रत्याशी भी बने। हालांकि बाद में उन्होंने सक्रिय राजनीति से दूरी बनाकर सामाजिक और वैचारिक कार्यों को प्राथमिकता दी।

वे समता सैनिक दल और "दी बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया" से लंबे समय से जुड़े हुए हैं। वर्ष 2007 में उन्हें समता सैनिक दल का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया और वर्तमान में वे राष्ट्रीय महासचिव हैं। उनके नेतृत्व में संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली और राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के हाथों राष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त हुआ।

सम्राट अशोक और बौद्ध दर्शन के प्रचार-प्रसार में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। वर्ष 2009 में उन्होंने पटना के विद्यापति भवन से सम्राट अशोक जयंती समारोह की शुरुआत की, जो आज देश के कई हिस्सों में आयोजित किया जाता है। वर्तमान में वे "दी बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया" के ट्रस्टी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा विजय ध्वज पत्रिका के संपादक के रूप में कार्यरत हैं। उनकी जीवन यात्रा समाज, साहित्य और सांस्कृतिक चेतना के प्रति समर्पण की प्रेरणादायक मिसाल मानी जाती है।

# भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद सभागार में भारत-नेपाल सीमा प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीमा सुरक्षा को और मजबूत बनाने, निगरानी तंत्र को आधुनिक तकनीक से सशक्त करने तथा तस्करी एवं संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने 26-27 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा संबंधी उच्चस्तरीय बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई की जा रही है।बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सीमा से जुड़े मामलों में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और भारत-नेपाल सीमा संवेदनशील क्षेत्र मानी जाती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीमा पर निगरानी सिस्टम को और मजबूत किया जाए तथा नई तकनीकों का उपयोग कर सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमा पर संदिग्ध गतिविधियों, नशीले पदार्थों की तस्करी, नकली नोटों के कारोबार एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने और सीमा सुरक्षा तंत्र को पूरी तरह मजबूत रखने का निर्देश दिया।बैठक में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# जहानाबाद पहुंचे मगध क्षेत्र के आईजी, पुलिस अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र, गया का मंगलवार को जहानाबाद आगमन हुआ। उनके आगमन पर जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, जहानाबाद द्वारा सप्रेम गमला भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद सम्मान गार्ड द्वारा उन्हें सलामी दी गई।

जहानाबाद पहुंचने के बाद पुलिस महानिरीक्षक ने जिले के पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा एवं ब्रीफिंग बैठक आयोजित की। बैठक में पुलिस अधीक्षक जहानाबाद, अपर पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर एवं घोषी, पुलिस उपाधीक्षक (साइबर क्राइम), पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), सभी अंचल पुलिस निरीक्षक तथा जिले के सभी थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों से बारी-बारी परिचय प्राप्त किया और जिले की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण तथा पुलिसिंग व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को बेहतर पुलिसिंग, विधि-व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण और जनसहभागिता को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आईजी ने कहा कि पुलिस को जनता के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह बनना होगा। अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने साइबर अपराध, यातायात व्यवस्था और थाना स्तर पर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को अधिक कार्यशील, अनुशासित एवं जनोन्मुख बनाना रहा। अधिकारियों ने भी जिले में अपराध नियंत्रण और बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# जहानाबाद में लगा सहयोग शिविर, डीएम और एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद जिले के पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सैदाबाद परसाई पंचायत में मंगलवार को "सहयोग शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान की संयुक्त अध्यक्षता में किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे।

इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य "सबका सम्मान, जीवन आसान" के मूल मंत्र को साकार करना बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि सरकार और प्रशासन आम नागरिकों को सीधे सेवाओं से जोड़ने के लिए पंचायत स्तर पर ऐसे शिविर आयोजित कर रहे हैं, ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया जा सके।

जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय ने कहा कि सहयोग शिविर के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक सेवाओं का सीधा लाभ दिया जा रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा लोगों से आवेदन प्राप्त किए गए और कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया गया।

अधिकारियों ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में सहयोग शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सहयोग शिविरों में पहुंचे डीएम-एसपी, पंचायत स्तर पर समस्याओं के समाधान का दिया निर्देश



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने मंगलवार को जिले के विभिन्न पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मखदुमपुर प्रखंड के पुनहदा पंचायत में आयोजित शिविर के अलावा जिलाधिकारी ने प्रभारी सचिव डॉ. आशिमा जैन के साथ काको प्रखंड के अमथुआ पंचायत, जहानाबाद सदर प्रखंड के कल्पा पंचायत तथा रतनी फरीदपुर प्रखंड के झुनाठी पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पेयजल, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, छायादार स्थान, विभिन्न विभागों की उपस्थिति एवं आवेदन निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला समूहों की सदस्याएं, जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य पंचायत स्तर पर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना, समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना और प्रशासन एवं जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। शिविर में सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, राजस्व एवं लोक सेवाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई।जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग को डीसीएलआर एवं एडीएम न्यायालय से जुड़े लंबित मामलों की सूची शिविर स्थल पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया।

# जहानाबाद सदर अस्पताल में बवाल, डॉक्टरों की हड़ताल से ठप रही ओपीडी सेवा

अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद सदर अस्पताल में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब हत्या के एक मामले में पोस्टमार्टम को लेकर डॉक्टरों और पुलिस के बीच विवाद गहरा गया। विवाद के बाद डॉक्टरों ने हड़ताल कर दी, जिससे अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी सेवा प्रभावित हो गई। हालांकि बाद में एसडीओ और एसडीपीओ के हस्तक्षेप के बाद डॉक्टरों ने हड़ताल समाप्त कर दी।

जानकारी के अनुसार दीपक कुमार हत्याकांड के बाद मृतक के परिजन शव का पोस्टमार्टम जल्द कराने की मांग कर रहे थे। प्रभारी सिविल सर्जन ने बताया कि सदर अस्पताल में फॉरेंसिक विशेषज्ञ और ब्रेन कटिंग उपकरण उपलब्ध नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम पीएमसीएच पटना में कराने की सलाह दी गई थी। इसी दौरान परिजनों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक होने लगीडॉक्टर यूनियन ने आरोप लगाया कि जहानाबाद पुलिस अधीक्षक ने दबाव बनाते हुए प्रभारी सिविल सर्जन के साथ अभद्र व्यवहार किया। वहीं डॉक्टर अंबर और कृष्ण मोहन पासवान के साथ मारपीट किए जाने का भी आरोप लगाया गया। घटना से नाराज डॉक्टर और नर्स अस्पताल छोड़कर चले गए, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बाद में जहानाबाद एसडीओ और एसडीपीओ ने डॉक्टरों से वार्ता कर स्थिति को शांत कराया। इसके बाद डॉक्टरों ने हड़ताल समाप्त कर दी और अस्पताल की सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य होने लगीं। वहीं पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले में कानूनी कार्रवाई की बात कही है।

# हिसुआ सहयोग शिविर में प्रशासन सख्त, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। "सबका सम्मान-जीवन आसान" निश्चय के तहत पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले सहयोग शिविर को लेकर नवादा प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मंगलवार को हिसुआ प्रखंड के सोनसा ग्राम में आयोजित सहयोग शिविर का उद्घाटन संतोष कुमार सुमन, रवि प्रकाश, अभिनव धीमान, बीडीओ देवानंद प्रसाद एवं अंचलाधिकारी सौरव सुमन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा कि सहयोग शिविर सरकार की महत्वपूर्ण पहल है और इसकी सफलता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। डीएम ने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने पंचायत स्तर पर टेस्ट रन कराने, पेयजल, शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था, सूचना बोर्ड और पर्याप्त काउंटर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। डीएम ने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को उसी दिन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।

वहीं एसपी अभिनव धीमान ने कहा कि जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

प्रत्येक पंचायत में प्रभावी तरीके से सहयोग शिविर आयोजित कर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# नवादा में मंत्री संतोष सुमन का जोरदार स्वागत, विकास मुद्दों पर मंथन



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। नवादा डाक बंगला परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के लघु सिंचाई मंत्री एवं नवादा जिला प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन का हिसुआ 20 सूत्री सदस्य सह भाजपा जिला कार्यक्रम समिति सदस्य पवन कुमार गुप्ता ने गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मंत्री से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

पवन कुमार गुप्ता ने मंत्री के समक्ष क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था, पेयजल संकट, ग्रामीण सड़कों की बदहाल स्थिति और किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि कई ग्रामीण इलाकों में पर्याप्त सिंचाई सुविधा नहीं मिलने से किसानों को खेती में भारी परेशानी हो रही है। साथ ही विकास योजनाओं को गति देने की भी मांग की गई।

मंत्री संतोष कुमार सुमन ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है तथा जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में एनडीए समर्थित विभिन्न दलों के जिला अध्यक्ष, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विकास, संगठन और जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

# बिहार की ऊर्जा जरूरतों का मजबूत आधार बन रही एनटीपीसी की नबीनगर परियोजना




पटना (अपना नालंदा)। औरंगाबाद जिले में स्थित एनटीपीसी लिमिटेड की नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना बिहार की बिजली आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभा रही है। परियोजना प्रमुख एल.के. बेहेरा ने प्रेस वार्ता में बताया कि वर्तमान में यह परियोजना बिहार को करीब 1600 मेगावाट बिजली उपलब्ध करा रही है, जो राज्य की कुल जरूरत का 25 प्रतिशत से अधिक है।

उन्होंने कहा कि बिहार में तेजी से बढ़ रहे औद्योगिक विकास और भविष्य की बिजली मांग को देखते हुए परियोजना का स्टेज-2 विस्तार कार्य तेजी से चल रहा है। इसके तहत 800-800 मेगावाट की तीन नई इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। इनसे उत्पादित कुल 2400 मेगावाट बिजली में से 1500 मेगावाट बिहार को मिलेगी। उन्होंने बताया कि चौथी इकाई से मार्च 2029 में बिजली उत्पादन शुरू होगा, जबकि बाकी दो इकाइयां छह-छह माह के अंतराल पर चालू होंगी। स्टेज-2 निर्माण पर लगभग 30 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।एल.के. बेहरा ने बताया कि विस्तार कार्य पूरा होने के बाद नबीनगर परियोजना पूर्वी भारत का सबसे बड़ा बिजली संयंत्र बन जाएगी तथा देश की दूसरी सबसे बड़ी बिजली परियोजना होगी। उन्होंने बताया कि परियोजना से 4 से 5 हजार लोगों को रोजगार मिल रहा है, जिसमें 60 प्रतिशत से अधिक स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी गई है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में परियोजना को 800 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ तथा पिछले वर्ष 12932 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन कर नया रिकॉर्ड बनाया गया। प्रेस वार्ता में एनटीपीसी के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# सिगरेट पिलाने के बहाने युवक को ले जाकर सिर में मारी गोली, मौत



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद जिले में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। एक बार फिर अपराधियों ने हत्या की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देकर इलाके में दहशत फैला दी। घटना भेलाबार थाना क्षेत्र के चातर गांव के समीप डेढ़सैया गांव के पास की बताई जा रही है, जहां अपराधियों ने एक युवक को सिगरेट पीने के बहाने रोककर गोली मार दी। मृतक की पहचान दीपक कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि हत्या करने वाला युवक का परिचित था और उसी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर घटना स्थल तक पहुंचा था। जानकारी के अनुसार अपराधी ने सिगरेट पीने के बहाने बाइक रोकी और दीपक को अंधेरे की ओर ले जाकर उसके सिर में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे, लेकिन तब तक अपराधी मौके से फरार हो चुके थे।

घटना के बाद परिजन गंभीर हालत में दीपक को सदर अस्पताल जहानाबाद लेकर पहुंचे। इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर अनबर ने बताया कि युवक को काफी गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया था, लेकिन जांच के दौरान उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों के आग्रह पर दोबारा जांच के बाद भी उसे मृत घोषित कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही भेलाबार थानाध्यक्ष रंजीत कुमार अस्पताल पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और लोग अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# बसनियावां सहयोग शिविर में अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं, सैकड़ों आवेदनों का निष्पादन



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। विकसित भारत समृद्ध बिहार अभियान के तहत हरनौत प्रखंड के बसनियावां पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को भव्य सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पहुंचकर आम लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शुभम कुमार, मुख्यालय डीएसपी तारकेश्वर सिंह, बीडीओ डॉ. पंकज कुमार, बीपीआरओ उमेश कुमार तथा बसनियावां मुखिया प्रतिनिधि धीरज कुमार समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

शिविर के दौरान बीडीओ डॉ. पंकज कुमार ने उपस्थित लोगों को शिविर के उद्देश्य की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। वहीं उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने बताया कि एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली के तहत पहले से प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए कई लोगों को समाधान संबंधी प्रमाण-पत्र भी सौंपे गए। बसनियावां पंचायत निवासी कुंदन कुमार के परिवारी सूची संबंधी आवेदन तथा पूनम कुमारी के प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े आवेदन का निष्पादन किया गया।

शिविर में कुल 25 प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे, जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। बिजली विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जीविका, पीएचईडी, पशुपालन, पुलिस विभाग, पंचायती राज, मनरेगा, सहकारिता, शिक्षा विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, श्रम विभाग सहित कई विभागों ने लोगों की शिकायतें और आवेदन प्राप्त किए। मुखिया प्रतिनिधि धीरज कुमार ने बताया कि शिविर में लगभग 500 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मनरेगा और राजस्व विभाग से जुड़े मामलों की संख्या सबसे अधिक रही।

उन्होंने बताया कि सरकार के "सबका सम्मान, जीवन आसान" निश्चय के तहत आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य गांव स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। अधिकारियों द्वारा आवेदन प्राप्त करने के साथ-साथ कई मामलों का त्वरित निष्पादन भी किया गया। उन्होंने कहा कि आवेदन जमा होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर हर हाल में उसका निष्पादन करना अनिवार्य होगा और सभी आवेदनों को पोर्टल पर भी अपलोड किया जाएगा। लोग अपने आवेदन की स्थिति टोल फ्री नंबर 1100 पर सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

शिविर में बसनियावां, नर्चवार, खयथुआ, गंगटा, महिमाचक, शाहपुर, अमैत्रा और तिस्कुरवा समेत आसपास के गांवों से हजारों लोग पहुंचे। आयोजन स्थल को फूलों से सजाया गया था और आम लोगों के लिए शुद्ध पेयजल, बैठने की व्यवस्था, नाश्ता तथा सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। गोखुलपुर थाना पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रही। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांव स्तर पर इस प्रकार के शिविर से आम जनता को काफी राहत मिल रही है।

मौके पर अंचलाधिकारी पूजा कुमारी, समाजसेवी चंद्रोदय कुमार, मुखिया शकुंतला देवी, पंचायत समिति सदस्य विनिता देवी, कौशल कुमार, अनिल कुमार, पंचायत सचिव शंकर रजक सहित कई जनप्रतिनिधि और कर्मचारी मौजूद रहे।

# जफरा गांव में शराब के नशे में उत्पात मचा रहा युवक गिरफ्तार

सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। बेन थाना पुलिस ने जफरा गांव से शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान जफरा गांव निवासी ललन सिंह के 32 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में की गई है।

थानाध्यक्ष रविराज सिंह ने बताया कि परिवार के सदस्यों द्वारा सूचना दी गई थी कि संतोष कुमार शराब के नशे में घर और आसपास उत्पात मचा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाना लाई।

थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना में जांच के दौरान युवक के शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस ने कहा कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# नूरसराय सहयोग शिविर में नल-जल और आवास योजनाओं के आवेदन की भरमार




विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। "सबका सम्मान, जीवन आसान" निश्चय योजना के तहत मंगलवार को नूरसराय प्रखंड के उच्च विद्यालय ममुराबाद एवं उच्च विद्यालय दहपर परिसर में सहयोग सेवा शिविर का आयोजन किया गया। दोनों पंचायतों में आयोजित शिविर का उद्घाटन वरीय उपसमाहर्ता अभिषेक कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं और योजनाओं के लिए आवेदन दिए।

शिविर में सबसे अधिक आवेदन नल-जल योजना से जुड़े प्राप्त हुए। इसमें नए कनेक्शन, टूटे-फूटे पाइप की मरम्मत तथा लीकेज की समस्याएं प्रमुख रहीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि विवाद, परिमार्जन, मोटेशन, भूमि मापी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन समेत विभिन्न विभागों से संबंधित करीब डेढ़ सौ आवेदन प्राप्त हुए।

बीडीओ डॉ. जियाउल हक एवं सीओ दीपक कुमार ने बताया कि ममुराबाद और नदिऔना पंचायतों में पूर्व में कुल 157 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनका ऑनलाइन निष्पादन किया जा चुका है। मंगलवार को प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। अधिकारियों ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 तथा पोर्टल "sahayog.bihar.gov.in" पर भी आवेदन किया जा सकता है।

मौके पर ग्रामीण विकास पदाधिकारी नीतीश कुमार पाठक, आरओ देव कुमार, इंस्पेक्टर मनीष भारद्वाज, जीविका बीपीएम आनंद किशोर, सीडीपीओ राजेश कुमार, बीडब्ल्यूओ नवीन कुमार निराला, पीओ संजय कुमार सिन्हा, एलईओ पिंकी कुमारी, जेई रौशन कुमार, कनीय विद्युत अभियंता उमाशंकर चौधरी, कार्यपालक सहायक अनमोल कुमारी, पल्लवी कुमारी, विकास मित्र चंद्रशेखर, पंचायत सचिव विजय कुमार, पप्पू मुखिया, अरेन्द्र मुखिया सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एसएफसी की सुस्ती से कतरीसराय पैक्स परेशान, चावल उठाव में भारी संकट



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। खरीफ विपणन मौसम 2026-27 के तहत धान अधिप्राप्ति करने वाले कतरीसराय प्रखंड के पैक्स इन दिनों एसएफसी की धीमी कार्यशैली से भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। समय पर अग्रिम स्वीकृत एसटीआर जारी नहीं होने के कारण चावल जमा करने की प्रक्रिया प्रभावित हो गई है, जिससे पैक्सों पर आर्थिक संकट गहराने लगा है। समितियों को डिफाल्टर घोषित होने का भय भी सताने लगा है।

जानकारी के अनुसार प्रखंड के पांच पैक्सों द्वारा कुल 3555.146 एमटी धान की खरीद की गई थी। इसके बदले अब तक मात्र 1334 एमटी यानी लगभग 54 प्रतिशत चावल ही एसएफसी को उपलब्ध कराया जा सका है। शेष चावल गोदामों में पड़ा हुआ है, लेकिन विभागीय स्वीकृति नहीं मिलने से उसका उठाव नहीं हो पा रहा है।

पैक्स अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह और सुधिर कुमार ने बताया कि एसएफसी अधिकारियों की कछुआ चाल के कारण चावल जमा करने के लिए अग्रिम स्वीकृत एसटीआर समय पर जारी नहीं किया जा रहा है। इससे समितियां निर्धारित समय पर चावल उपलब्ध कराने में असमर्थ हो रही हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय लापरवाही का सीधा असर पैक्सों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है।पैक्स अध्यक्षों ने बताया कि गोदामों में चावल जमा रहने से भंडारण की समस्या बढ़ रही है, जबकि बैंक ऋण और ब्याज का बोझ भी लगातार बढ़ता जा रहा है। इधर, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अमरजीत कुमार ने कहा कि एसटीआर निर्गत कराने की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही शेष चावल एसएफसी को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# नालंदा विश्वविद्यालय में युवा कवयित्री जोएल गुहा की पुस्तक 'स्कैटर' का भव्य लोकार्पण



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा विश्वविद्यालय में पहली बार आयोजित 'शास्त्रार्थ 2026' कार्यक्रम एक ऐतिहासिक और साहित्यिक क्षण का साक्षी बना। इस विशेष आयोजन के दौरान 22 वर्षीय युवा कवयित्री जोएल गुहा के तीसरे कविता संग्रह 'स्कैटर' का भव्य लोकार्पण किया गया। पुस्तक का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने कुलसचिव डॉ. रमेश प्रताप सिंह परिहार एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में किया।

वर्तमान में नालंदा विश्वविद्यालय में वर्ल्ड लिटरेचर विषय से मास्टर्स कर रहीं जोएल गुहा का यह कविता संग्रह केवल साहित्यिक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि गहरी संवेदनाओं और आत्मिक अनुभवों का दस्तावेज माना जा रहा है। जोएल के अनुसार 'स्कैटर' आत्मा की घर वापसी जैसा अनुभव कराता है, जिसमें प्रेम, संवेदना और आत्मचिंतन के भाव समाहित हैं। पुस्तक में शामिल कविताओं को फोटोग्राफर शाहरुख खान द्वारा खींची गई तस्वीरों ने और प्रभावशाली बना दिया है। कवर पेज से लेकर पुस्तक के अंदर तक प्रयुक्त चित्र कविताओं की भावनाओं को नया आयाम देते हैं।

विमोचन समारोह में एसएलएलएच के डीन प्रो. वेंकट राव, डॉ. मीर, डॉ. स्मिता सिंह, डॉ. श्रीशा उडुपा, प्रसिद्ध इतिहासकार के.टी.एस. सराओ तथा एसबीएसपीसीआर के डीन प्रो. गोदाबरिश मिश्र समेत कई वरिष्ठ शिक्षाविद उपस्थित रहे।मूल रूप से बिहार के पूर्णिया जिले से संबंध रखने वाली जोएल गुहा की साहित्यिक यात्रा बचपन से ही शुरू हो गई थी। प्रारंभिक शिक्षा सिलीगुड़ी में प्राप्त करने



वालीजोएल ने मात्र 15 वर्ष की उम्र में अपनी पहली कविता पुस्तक 'स्टिचेस' लिखी थी। यह पुस्तक शांतिनिकेतन से प्रकाशित हुई और कोलकाता के ऑक्सफोर्ड में इसका विमोचन किया गया था।

इसके बाद उन्होंने लखनऊ के जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में अध्ययन के दौरान दूसरी पुस्तक 'ऑटम एंड द रेन' लिखी। वर्ष 2021 में लखनऊ राष्ट्रीय पुस्तक मेले में तत्कालीन पुलिस आयुक्त डी.के. ठाकुर ने इस पुस्तक का विमोचन किया था।

जोएल अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां अपर्णा गुहा के प्रोत्साहन और पिता, आयकर उपायुक्त संदीप गुहा के विश्वास को देती हैं। उन्हें लेखन के क्षेत्र में 'सिलभद्र वाद कौशल सम्मान' भी मिल चुका है, जो उन्हें पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी के हाथों प्राप्त हुआ था।

हाल ही में पूर्णिया में आयोजित 'ज्ञान संगम 2026' में भी उन्हें युवा कवयित्री के रूप में विशेष सम्मान मिला।

भविष्य में जोएल कोसी क्षेत्र की हिंदी और बांग्ला साहित्यिक कृतियों का अंग्रेजी में अनुवाद कर उन्हें वैश्विक मंच तक पहुंचाने की योजना पर कार्य कर रही हैं।

# राजगीर मलमास मेला में बिखरी बिहार की लोक संस्कृति की अनुपम छटा, झिझिया-झूमर ने मोहा मन



प्रेम कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर मलमास मेला-2026 के सांस्कृतिक मंच पर मंगलवार की शाम बिहार की समृद्ध लोक परंपरा, संस्कृति और कला की अद्भुत छटा देखने को मिली। "प्रयत्नम" नालंदा संस्था की ओर से आयोजित लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक झिझिया एवं झूमर लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें जिला प्रशासन का विशेष सहयोग रहा। सांस्कृतिक मंच पर कलाकारों की प्रस्तुति को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिहार की प्राचीन लोक कला, लोक संस्कृति एवं पारंपरिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ नई पीढ़ी तक उसकी पहचान को पहुंचाना था। कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीत, संगीत एवं जीवंत भाव-भंगिमाओं के माध्यम से बिहार की सांस्कृतिक आत्मा को मंच पर जीवंत कर दिया। झिझिया एवं झूमर नृत्य की प्रस्तुति के दौरान दर्शकों ने तालियों की गूंज के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक मंच लोक परंपराओं के रंग में रंगा नजर आया।

लोक कलाकार संदीप कुमार, विकास कुमार, प्रिया मुस्कान एवं पायल कुमारी ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। कलाकारों ने लोकगीतों की मधुर धुन पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर बिहार की सांस्कृतिक विविधता की सुंदर झलक दिखाई। कार्यक्रम में प्रस्तुत सभी लोक नृत्यों की कोरियोग्राफी प्रसिद्ध कोरियोग्राफर शंकर कुमार द्वारा की गई थी। उनके कुशल निर्देशन एवं रचनात्मक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को नई



ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान नवीन भास्कर द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण भजन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं माधव जी के मुखौटा नृत्य एवं विद्यापति पदावली भैरवी पर आधारित लोकनृत्य ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामयी एवं यादगार बना दिया। दर्शकों ने कलाकारों की कला एवं प्रतिभा की जमकर सराहना की।

इस अवसर पर जिला कला पदाधिकारी शालिनी प्रकाश ने कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बिहार की लोक परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कलाकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि लोक कला हमारी पहचान है और इसे संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

"प्रयत्नम" नालंदा संस्था के सचिव कुमार गौरव ने बताया कि संस्था लगातार मगही संस्कृति एवं बिहार की लोक कलाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी संस्था लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर दर्शकों एवं कलाकारों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।



# 48 घंटे में लूटकांड का खुलासा, नकदी और स्कूटी समेत अपराधी गिरफ्तार

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। खोदागंज थाना पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर लूटकांड का सफल उद्भेदन करते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर लूट में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, लूटी गई स्कूटी तथा लूट की रकम में से तीन हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। इस कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के गोपलचक गांव निवासी सुरेश प्रसाद के पुत्र रामप्रवेश कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसे चुनौती के रूप में स्वीकार किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए दो विशेष टीमों का गठन किया था। गठित टीमों ने लगातार छापेमारी और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी तक पहुंच बनाई।पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर लूट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिलों के साथ स्कूटी और नकद राशि बरामद की गई। हालांकि इस लूटकांड में शामिल अन्य अपराधी अभी फरार बताए जा रहे हैं।


हमारा प्रयास रहता है कि
अपना नालंदा
के पाठकों को बेहतरीन समाचार पढ़ने को मिले।
अपना नालंदा
सत्य, सटीक और निष्पक्ष समाचार
आप पाठकों से अनुरोध है कि
अपना बहुमूल्य सुझाव हमें भेजें,
ताकि अपना नालंदा को और बेहतर बना सकूं।
आपका सुझाव
हमें भेजें
हमारा पता है:
संपादक,
अपना नालंदा
व्हाट्सएप
9031468165


अपना नालंदा
आपका अपना हिंदी दैनिक डिलिटर अखबार
नालंदा की
हर खबर
सबसे पहले
अब अपाका लोकेप्रिय हिंदी दैनिक
अपना नालंदा का सभी अंक
www.apnanalanda.com
पर उपलब्ध हैं!
विश्वसनीय
स्थानीय
आपका अपना
अखबार
अपना नालंदा
ई-पेपर
12 मई 2024
सभी अंक
एक ही जगह
कहीं भी,
पढ़ें
डाउनलोड करें
आसानी से
पुराने अंक
खोजें आसनी से
अपना नालंदा
नालंदा: विकास की नई उड़ान
ताजा खबरें • निष्पक्ष पत्रकारिता • आपके शहर, आपकी आवाज
जुड़े रहें, अपडेट रहें!


विस्तार से खबर पढ़ने के लिए जाएं
अपना नालंदा
www.apnanalanda.com पर जाएं
NEWS
बिस्तुत खबरों के लिए आज ही बिजिट करें